श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रिय संस्कृत विद्यापीठ,
( मानित विश्वविद्यालय )
बी-4, कुतुब सांस्थानिक क्षेत्र, नई दिल्ली-16

क्रमांक एफ 3/2013-14/आरएसवी/ ११९२

दिनांक 29.07.2016
1 08

# कार्यालय आदेश

परिचय नियमावली के अनुसार विद्यावारिधि (पीएच.डी.) में शोध उपाधि हेतु पंजीकृत समस्त शोधच्छात्रों को अपने पूर्ण शोध कार्य में अपना त्रैमासिक प्रगति विवरण कार्यालय में जमा करना अनिवार्य है । प्राय: यह पाया गया है कि शोध उपाधि हेतु पंजीकृत शोध छात्र अपना प्रगति विवरण अपने मार्गनिर्देशक, विभागाध्यक्ष एवं संकाय प्रमुख से संस्तुत करवाकर, शैक्षणिक विभाग में यथा समय जमा नहीं करवा रहे हैं । इस संबंध में दिनांक 31.08.2015 को कार्यालय आदेश सं0 एफ 3/2015-16/आरएसवी/शै0/1185 के अनुसार कार्यालय सूचना द्वारा समस्त शोध छात्रों, विभागाध्यक्षों एवं संकाय प्रमुखों को सूचित किया गया था, परन्तु पाया गया है कि शोध छात्रों द्वारा उक्त आदेश का अनुपालन नहीं किया जा रहा है । शोध छात्रों द्वारा त्रैमासिक प्रगति विवरण समय से शैक्षणिक विभाग में जमा नहीं हो रही है ।

अत: समस्त शोधच्छात्रों को पुन: सूचित किया जाता है कि वे अपना त्रैमासिक प्रगति विवरण अपने मार्गनिर्देशक, विभागाध्यक्ष एवं संकाय प्रमुख से संस्तुत करवाकर, शैक्षणिक विभाग में यथा समय अवश्य रूप से जमा करवा दें । नियमानुसार समय से त्रैमासिक प्रगति विवरण प्राप्त न होने की स्थिति में सम्बद्ध शोध छात्र का पंजीकरण निरस्त किया जा सकता है ।

यह आदेश माननीय कुलपति महोदय की स्वीकृति से जारी किया जा रहा है ।

सहायक कुलसचिव ( शैक्षणिक )

प्रतिलिपि:-